मैया तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है भजन लिरिक्स

मैया तेरे भक्तों को,
तेरा ही सहारा है,
तेरे बिना इस जग में,
कोई ना हमारा है,
मैया तेरे भक्तो को,
तेरा ही सहारा है।bd।

तर्ज – बाबुल का ये घर।

ऊँचे ऊँचे पर्वत पे,
मैया तेरा ठिकाना है,
दर्शन को मैया जी,
आए सारा ज़माना है,
मैया तेरे दर्शन से,
मिट जाए दु:ख सारा है,
मैया तेरे भक्तो को,
तेरा ही सहारा है।bd।

द्वार मेरी मैया का,
सारे जग से निराला है,
दुखियारा जो भी हो,
उसे पल में संभाला है,
मैया तेरी किरपा से,
मेरा चलता गुजारा है,
मैया तेरे भक्तो को,
तेरा ही सहारा है।bd।

मतलब के लोग यहाँ,
सब मतलब के रिश्ते है,
सुख के सब साथी,
मुश्किल में ना दीखते है,
इस झूठी दुनिया में,
सच्चा प्यार तुम्हारा है,
मैया तेरे भक्तो को,
तेरा ही सहारा है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जब कोई विपदा पड़ी,
मैया एक पल में आई है,
'शिबू' और 'टोनी' की,
तूने बिगड़ी बनाई है,
अब तो तेरे बिना,
हमें कुछ ना गवारा है,
Bhajan Diary Lyrics,
मैया तेरे भक्तो को,
तेरा ही सहारा है।bd।

मैया तेरे भक्तों को,
तेरा ही सहारा है,
तेरे बिना इस जग में,
कोई ना हमारा है,
मैया तेरे भक्तो को,
तेरा ही सहारा है।bd।

Singer – Sukhjeet Singh Toni

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com